Prepp
Your Personal Exams Guide



## भाग–1

# सामान्य हिन्दी

**(Max. Marks : 100)**

1. निम्नलिखित पर अति संक्षेप में लिखिए :

(क) (*i*) शब्द [2]

(*ii*) वाक्य

(ख) (*i*) हिन्दी भाषा की लिपि का नाम [2]

(*ii*) तालव्य वर्ण कौन-कौन से हैं ?

2. (क) निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची लिखिए : [2]

(*i*) द्रव्य

(*ii*) पत्नी

(*iii*) बिजली

(*iv*) अज्ञ

(ख) निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए : [2]

(*i*) इति

(*ii*) गहरा

(*iii*) पृथक

(*iv*) उर्वरा

3. (क) निम्नलिखित समोच्चारित शब्दों के अर्थ-भेद लिखिए :

(*i*) अवधान – अवदान

(*ii*) अविरोध – अवरोध [2]

(*iii*) उधार – उद्धार

(*iv*) गेय – ज्ञेय

(ख) निम्नलिखित शब्दों के शुद्ध रूप लिखिए : [2]

(*i*) इतिहासिक

(*ii*) कवियत्री

(*iii*) अनेकों

(*iv*) सदृश्य

Prepp
Your Personal Exams Guide



4. (क) निम्नलिखित के तद्भव रूप लिखिए : [2]

(i) कर्त्तरी (ii) अस्टाशीति

(iii) खंडगृह (iv) क्रोड

(ख) निम्नलिखित शब्दों के तत्सम रूप लिखिए : [2]

(i) रखना (ii) मूठ

(iii) सेठ (iv) हल्दी

5. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक-एक सार्थक शब्द लिखिए : [4]

(i) किसी कथा के अन्तर्गत् आने वाली कोई दूसरी कथा

(ii) जिसके पास कुछ भी न हो

(iii) वह व्यक्ति जो अपना ऋण चुकाने में असमर्थ घोषित हो गया हो

(iv) नाक से बाहर निकलने वाली साँस

6. (क) निम्नलिखित शब्दों का समास-विग्रह करते हुए समास का नाम भी लिखिए : [2]

(i) यथार्थ (ii) हथकड़ी

(iii) दुपहर (iv) महाराजा

(ख) संधि और समास में दो प्रमुख अंतर बताइए। [2]

7. निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : [4]

(i) 'हिन्दी प्रदीप' के संपादक का नाम लिखिए।

(ii) भारतेन्दु द्वारा स्त्रियों के लिए संपादित पत्रिका का नाम लिखिए।

(iii) हिन्दी के दो राष्ट्रीय स्तर के समाचार-पत्रों के नाम लिखिए।

(iv) 'आलोचना' पत्रिका कहाँ से प्रकाशित हो रही है?

8. (क) उपसर्ग किसे कहते हैं? [2]

(ख) निम्नलिखित उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाइए : [2]

(i) अन (ii) अप

(iii) दुः (iv) परा

Prepp
Your Personal Exams Guide



**9.** (क) निम्नलिखित प्रत्ययों से दो-दो शब्दों की रचना कीजिए : [2]

(i) इक

(ii) य

(iii) पन

(iv) माट

(ख) निम्नलिखित शब्दों के मूल प्रत्यय बताइए : [2]

(i) स्वेच्छाचार

(ii) पंचायत

(iii) खटोला

(iv) ठहाका

(ग) हिन्दी साहित्य के इतिहास में मध्यकाल को कितने भागों में बाँटा गया है? उनके नाम लिखिए। [2]

**10.** निम्नलिखित वाक्यों के शुद्ध रूप लिखिए : [6]

(i) यह काम आप पर निर्भर करता है।

(ii) मुझसे यह काम संभव नहीं हो सकता।

(iii) हम तो अवश्य ही जाएंगे।

(iv) लोग बड़ी मात्रा में जमा हो गए।

(v) मदन को मेरा स्मरण दिला देना।

(vi) वे अनेक विषय के ज्ञाता था।

**11.** (क) निम्नलिखित लोकोक्तियों के अर्थ स्पष्ट कीजिए : [3]

(i) साझे की हाँडी चौराहे पर फूटी

(ii) अरहर की टट्टी गुजराती ताला

(iii) एक मुँह दो बात

(ख) मुहावरों व कहावतों में कोई तीन अन्तर लिखिए। [3]

**12.** (क) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने हिन्दी साहित्य के इतिहास को कितने भागों में बाँटा है? [3]

(ख) आचार्य शुक्ल द्वारा विभाजित हिंदी साहित्य के इतिहास के नाम एवं उनके समय का उल्लेख कीजिए। [3]

Prepp
Your Personal Exams Guide



13. (क) निम्नलिखित रचनाएँ छत्तीसगढ़ के किन साहित्यकारों की हैं, उनके नाम लिखिए : [3]

(i) भक्ति चिंतामणि

(ii) कुल के मरजाद

(iii) ऊँच अऊ नीच

(ख) छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित साहित्यकारों की एक-एक रचना का नाम लिखिए : [3]

(i) लखन लाल गुप्ता

(ii) बाबू रेवाराम

(iii) बाबू बोधी सिंह

14. निम्नलिखित गद्यांश का सार लगभग एक-तिहाई शब्दों में लिखिए और उसका उपयुक्त शीर्षक भी लिखिए : [5+1=6]

मानव जीवन में सार्थकता व सफलता के लिए सोद्देश्यता आवश्यक है। आँख बंदकर चलाया गया तीर अपना लक्ष्य नहीं बेध सकता है। अंधे होकर भागने से किसी मंजिल तक नहीं पहुँचा जा सकता है। ऐसा किसान कभी सफल नहीं हो सकता जो आँख मूँदकर बेमौसम खेतों में बीज बोता हो। कल्पना कीजिए उस व्यक्ति की जो ट्रेन में बैठने के लिए स्टेशन तो पहुँच गया, पर जिसे यह नहीं मालूम कि उसे जाना कहाँ है? विश्व एक रंगमंच है और हम कौन-सी भूमिका करना चाहते हैं, इसका पूर्व-निर्धारण आवश्यक है। जरूरी है कि बंद आँखों को खोल उद्देश्य निर्धारित करें तभी चलना शुरू करें। जिस नाविक ने मंजिल तय नहीं की उसके अनुकूल हवा कैसे चलेगी? तुम शव नहीं हो कि संसार की लहरें तुम्हें चाहे जिस किनारे पटक दें। परिस्थितियाँ चाहे जिधर ले जाएँ पर तुम्हें भाग्य के प्रवाह में न बहते हुए कर्मठता से प्रवाह का रुख बदलना है।

15. प्रस्तुत अपठित गद्यांश के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

आदिम युग में मानव जाति का प्रादुर्भाव प्रकृति की क्रोड़ में ही हुआ और उसी से उसने भरण-पोषण की सामग्री प्राप्त की। सभी प्रकार के वन्य या प्राकृतिक उपादान ही उसके जीवन और जीविका के एकमात्र साधन थे। भगवान श्रीराम, सीता व लक्ष्मण ने भी वन में पंचवटी में कुटिया बनाकर बनवास का दीर्घ समय व्यतीत किया था।

वृक्षों की लकड़ी से मानव अनेक प्रकार के लाभ उठाता है। इसी से उसने मकान, झोपड़ियाँ, कृषि यंत्र, परिवहन के साधन, फर्नीचर आदि निर्मित किए। कोयला भी लकड़ी का ही प्रतिरूप है। वृक्षों की लकड़ी व उसके उत्पाद जैसे नारियल, जूट, लकड़ी का बुरादा आदि विभिन्न काम में आते हैं। वृक्षों से मिलने वाले इन लाभों के अतिरिक्त प्राणवायु तो मिलती ही है, उनकी अधिकता से बाढ़ नियंत्रण में भी सहायता मिलती है।

Prepp
Your Personal Exams Guide



(i) आदिम मानव के पास जीवन के साधन क्या थे? [1]

(ii) लकड़ी का प्रतिरूप क्या है? [1]

(iii) पंचवटी किसे कहते हैं? [1]

(iv) किसकी अधिकता से बाढ़ नियंत्रण में सहायता मिलती है? [1]

(v) वृक्षों से क्या-क्या लाभ मिलते हैं? [1]

(vi) वृक्षों के उत्पाद कौन-कौन से हैं? [1]

**16.** (क) अर्धशासकीय पत्र किसे कहते हैं? इसकी तीन प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। [3]

(ख) अर्धशासकीय पत्र का एक प्रारूप प्रस्तुत कीजिए। [5]

(अभ्यर्थियों को पत्र लेखन में अपना नाम, अनुक्रमांक, पता और शहर आदि का नाम लिखना मना है)

**17.** (क) टिप्पण किसे कहते हैं? इसकी तीन प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। [3]

(ख) परिपत्र की परिभाषा लिखते हुए इसका एक प्रारूप प्रस्तुत कीजिए। [5]

**18.** (क) निम्नलिखित का हिन्दी में अनुवाद कीजिए : [5]

Our grandparents were the generation of freedom fighters. They were brave and committed men and women fired with a vision of a free India. They made sacrifices, donated money and property, their youth and even lived to achieve their goal. They were incredibly disciplined. And then came our parents generation. They wanted to build new India, a modern India where all citizens were equal. They were incredibly thrifty. They worked hard and saved money and believed the best they could give their children was a good education.

(ख) निम्नलिखित वाक्यों का अंग्रेजी में अनुवाद कीजिए : [5]

(i) वरिष्ठता सूची में उसका नाम नहीं है।

(ii) कार में जगह नहीं है।

(iii) उसने मेरे प्रश्न का उत्तर देने से इन्कार कर दिया।

(iv) हम लोगों ने सुबह कक्ष में प्रवेश किया।

(v) जानवर चूहे जैसा था।

Prepp
Your Personal Exams Guide

# PART – 2

# GENERAL ENGLISH

## (Max. Marks : 50)

1. Do as directed :

(i) Re-arrange the following structures to frame meaningful sentences : [2]

(a) a lot of / the Government / money / flood victims / sanctioned / of the / for the help

(b) for two hours / the audience / but / I spoke / not / were / tired

(ii) Re-write the following sentences after changing the underlined words into verbs : [2]

(a) It was her <u>pretension</u> that she was ill.

(b) My father's <u>blessings</u> were for my success.

(iii) Re-write the following sentences after making necessary corrections : [4]

(a) The secretary and manager have visited the entire campus.

(b) One of my friend has a fine collection of postage stamps.

(c) The museum is kept at a uniform temperature to save the artifacts.

(d) No less than sixty men attended the party.

2. (i) Use the following idioms in sentences of your own to make their meaning clear : [2]

(a) Achilles' heel

(b) Red letter day

(ii) Use the following phrases in sentences of your own : [2]

(a) Put up with

(b) Turn down

(iii) Write synonyms of the following words : [2]

(a) Accept

(b) Swift

Prepp
Your Personal Exams Guide



(iv) Write antonyms of the following words : [2]

(a) Dynamic

(b) Ascent

3. (i) Correct the spellings of the following words : [2]

(a) Comissioner

(b) Ingineous

(ii) Give one word for each of the following expressions : [2]

(a) A person who studies or is an expert on birds.

(b) A tank often made of glass for keeping live fish or other aquatic animals.

4. (i) Change the following into passive voice : [2]

(a) Someone had bribed the witness.

(b) The passengers lined the booking window.

(ii) Change the following into active voice : [1]

We are taught English by Mrs. Das.

(iii) Fill in the blanks with suitable prepositions : [3]

(a) He was imprisoned and deprived ____ his fundamental rights.

(b) I painted my house ____ green colour.

(c) I bought a pen ____ ten rupees.

5. (i) Fill in the blanks using suitable conjunctions : [3]

(a) No sooner did he see the lion ____ he ran away.

(b) It was still painful ____ I went to see a doctor.

(c) Read in low tone ____ the child should get up.

(ii) Insert suitable articles wherever necessary : [2]

(a) The children go to ____ school.

(b) ____ elephant is very strong.

(iii) Insert a suitable modal auxiliary : [1]

You ____ read this. It's very good.

Prepp
Your Personal Exams Guide



6. (*i*) Complete the following sentences using appropriate forms of verbs given in the brackets : [3]

(*a*) The moon as well as the stars _____ (give) us light at night.

(*b*) No news ____ (be) good news.

(*c*) I ____ (live) in Raipur since 2015.

(*ii*) Use Adverbs of place to complete the following sentences : [3]

(*a*) He looked ____ but couldn't see the monkey.

(*b*) Gopal was searching his ring but couldn't find it ____.

(*c*) I have seen that man ____.

7. Read the following extract carefully and answer the questions given below : [6]

Never assume air, or parade your wisdom. The audience is very intelligent, so never underestimate it. It is really a bane when the speaker sometimes suffers from superiority complex and delivers the talk like great teachers and wise preachers. Air your views frankly but politely. Humility is a virtue which is universally appreciated and reciprocated. Never think in terms of doling out wisdom after wisdom in your talk. At occasions, you should share a limitation or two with your audience and the fun at your expense. Be witty, humorous, polite, light-hearted. Identify yourself with your audience. Be in their shoes in order to adapt your speech to them. Analyse well how your message is going to help people to overcome their problems and improving life. See the relevance of your talk and the constructive solutions it suggests for the improvement of their quality of material and mental life. They should feel wiser and uplifted after having listened to you. There should be a positive impact on the audience.

*Questions :*

(*i*) What topic is being discussed in this passage?

(*ii*) What complex do sometimes speakers suffer from?

(*iii*) Why is humility considered to be a virtue?

(*iv*) What impact should a successful speech leave on the audience?

Prepp
Your Personal Exams Guide



(*v*) What does the underlined world 'it' refer to in the third sentence of the above passage?

(*vi*) What do you mean by the phrase 'Be in their shoes'?

**8.** Write a precis of the following passage in *one-third* of its original length and suggest a suitable title to it : [6]

The change in nature of the environment, that gets harmful to living organisms, is known as environmental pollution. On the basis of their nature, pollution can be classified in different forms. They are soil pollution, water pollution, noise pollution, thermal pollution, visual pollution, etc. In our country, traffic is one of the major problems for us. Because of the increase in the number of vehicles, noise pollution occurs. Water pollution is also a threat to our environment. The lives of aquatic flora and fauna are in danger as a result of water pollution and the numbers of aquatic animals are decreasing day by day. On the other hand, many of us don't know that there are three types of pollution that occur by industries. Nowadays, industries are adding more pollution to our environment. Industries are also responsible for soil, water and air pollution. Wastes from the industries are generally thrown in soil or water bodies and that cause soil and water pollution. Industries also emit dangerous chemicals in the form of gases. Our eco-system is in real trouble due to this environmental pollution. We should consider it an important task to stop environmental pollution to leave the globe safe for our successors.

Prepp
Your Personal Exams Guide



## भाग-3

# छत्तीसगढ़ी भाषा

**(Max. Marks : 50)**

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(अ) निम्नलिखित शब्दों के छत्तीसगढ़ी समानार्थी शब्द लिखिए : [5]

(*i*) चारागाह (*ii*) थकावट

(*iii*) आखिरी (*iv*) संशय

(*v*) माँ

(आ) निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी शब्दों के हिन्दी समानार्थी लिखिए : [5]

(*i*) टिपटिप (*ii*) कोचई

(*iii*) पंती (*iv*) पताल

(*v*) बोईर

(इ) छत्तीसगढ़ी में 'खातिर' शब्द का प्रयोग निम्नांकित रूपों में किस प्रकार होता है ? अर्थ सहित बताइए : [2]

संज्ञा, परसर्ग (अव्यय)

2. (अ) निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी पुल्लिंग शब्दों के स्त्रीलिंग शब्द लिखिए : [2]

(*i*) बछवा

(*ii*) जकहा

(आ) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [2]

(*i*) छत्तीसगढ़ी 'बछर' शब्द किस तत्सम शब्द से बना है ?

(*ii*) बाँस के पतले टुकड़े को छत्तीसगढ़ी में क्या कहा जाता है ?

(इ) निम्नलिखित सामासिक शब्दों के प्रकार बताइए : [2]

(*i*) तिरबेनी

(*ii*) पँचमेल

Prepp
Your Personal Exams Guide



**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [10]

(*i*) 'ये लइका हमोर हे' वाक्य में 'ये' किस शब्द-भेद का वाचक है?

(*ii*) 'तुम मेरे लिए क्या कर सकते हो' का छत्तीसगढ़ी रूपांतर कीजिए।

(*iii*) मृतक के दाह-कर्म के तीसरे दिन के स्नान को छत्तीसगढ़ी में क्या कहते हैं?

(*iv*) छत्तीसगढ़ी में 'अनार' के लिए कौन-सा शब्द है?

(*v*) छत्तीसगढ़ी में 'पसिया' शब्द किस क्रिया से बना है?

**4.** निम्नलिखित हिन्दी वाक्यों को छत्तीसगढ़ी में लिखिए : [8]

(*i*) मैं कब से तुम्हारी राह देख रही थी।

(*ii*) मुख्यमंत्री कल आने वाले हैं।

(*iii*) प्रशासन में किसी प्रकार की अवहेलना नहीं होनी चाहिए।

(*iv*) अच्छा किया, जो तुम आ गए।

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [5]

(*i*) सन् 1969 से 1975 तक बिलासपुर से प्रकाशित होने वाली त्रैमासिक छत्तीसगढ़ी पत्रिका का नाम बताइए।

(*ii*) 'बियासी गीत' के यशस्वी कवि कौन हैं?

(*iii*) छत्तीसगढ़ी के प्रथम खण्डकाव्य का नाम बताइए।

(*iv*) छत्तीसगढ़ी की प्रथम प्रामाणिक समीक्षात्मक कृति का नाम बताइए।

(*v*) छत्तीसगढ़ी लोकनाट्य 'रहस' पर शोधग्रंथ का प्रणयन किसने किया?

**6.** निम्नांकित प्रश्नों के उत्तर दीजिए : [5]

(*i*) 'चंदैनी गोंदा' के संगीत-निर्देशक का नाम बताइए।

(*ii*) 'तिरिया जनम झनि देय' पुस्तक के लेखक का नाम बताइए।

(*iii*) 'ढोला-मारु' को अंतर्राष्ट्रीय क्षितिज पर किस छत्तीसगढ़ी लोक गायिका ने प्रतिष्ठित किया?

(*iv*) छत्तीसगढ़ी खण्डकाव्य 'गाँधी-गाथा' के प्रणेता का नाम बताइए।

(*v*) छत्तीसगढ़ी उपन्यास 'फुटहा करम' के रचनाकार का नाम बताइए।

**7.** छत्तीसगढ़ी पत्रकारिता पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए। [2]

**8.** छत्तीसगढ़ी और देवनागरी लिपि पर अपना संक्षिप्त विचार लिखिए। [2]